30 हजार की रिश्वत लेते धराया पटवारी

खास बातें

- नटेरन का पटवारी चढ़ा लोकायुक्त के हत्थे
- बंटवारा, नामांतरण और फौती प्रकरण में मांगी थी रिश्वत
- निजी कार्यालय में रंगे हाथों ट्रैप

नवभारत न्यूज

नटेरन 9 जुलाई, लोकायुक्त भोपाल की टीम ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए नटेरन तहसील के पटवारी संदीप यादव को 30 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया. आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है.

लोकायुक्त से मिली जानकारी के अनुसार काठी मोहल्ला, लवकुश मार्ग, विदिशा निवासी प्रमेन्द्र धाकड़ ने 6 जुलाई को पुलिस अधीक्षक, लोकायुक्त कार्यालय भोपाल में शिकायत दर्ज कराई थी. शिकायत में बताया गया था कि उनकी पारिवारिक भूमि के बंटवारा, नामांतरण एवं फौती संबंधी प्रकरण में कार्रवाई करने के एवज में नटेरन तहसील के पटवारी संदीप यादव द्वारा 30 हजार रुपये की रिश्वत मांगी जा रही है.शिकायत मिलने के बाद लोकायुक्त भोपाल ने मामले का सत्यापन कराया. जांच में रिश्वत की मांग सही पाए जाने पर गुरुवार 9 जुलाई को ट्रैप की योजना बनाई गई. लोकायुक्त की टीम ने तहसील कार्यालय के पीछे स्थित आरोपी के निजी कार्यालय में उसे शिकायतकर्ता से 30 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया.आरोपी पटवारी संदीप यादव के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (संशोधित अधिनियम 2018) की धारा 7 के तहत अपराध दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है.

यह कार्रवाई महानिदेशक लोकायुक्त योगेश देशमुख के भ्रष्टाचार के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश तथा पुलिस अधीक्षक, लोकायुक्त भोपाल संभाग के मार्गदर्शन में की गई. ट्रैप कार्रवाई निरीक्षक घनश्याम सिंह मर्सकोले ने दल प्रभारी निरीक्षक कविन्द्र सिंह चौहान के नेतृत्व में की. टीम में निरीक्षक रजनी तिवारी, प्रधान आरक्षक मुकेश पटेल तथा आरक्षक प्रसनजीत राव, चैतन्य प्रताप सिंह, मनोज कुमार मांझी, यशवंत पटेल, सतेंद्र बहादुर सिंह, रवि शर्मा एवं वाहन चालक हिम्मत सिंह शामिल रहे.

एक ही रात में दो मंदिरों से चांदी के आभूषण चोरी

- हनुमान मंदिर से मुकुट और माता मंदिर से छत्र ले उड़े बदमाश, पुलिस जांच में जुटी

नवभारत न्यूज

पठारी 9 जुलाई, थाना क्षेत्र के ग्राम पटरा में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात अज्ञात चोरों ने दो मंदिरों को निशाना बनाते हुए चांदी के आभूषण चोरी कर लिए. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी.

मंदिर के पुजारी अवधेश रिछारिया पिता रामनारायण रिछारिया निवासी पटरा ने बताया कि वह ग्राम स्थित श्री हनुमान मंदिर एवं माता मंदिर में पूजा-अर्चना करते हैं. बुधवार शाम करीब 7:30 बजे हनुमान मंदिर में आरती करने के बाद मंदिर में ताला लगाकर घर चले गए थे. गुरुवार सुबह जब मंदिर पहुंचे तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला.

उन्होंने बताया कि मंदिर के अंदर स्थापित भगवान हनुमान का लगभग ढाई सौ ग्राम वजनी चांदी का मुकुट गायब था. इसके बाद पास स्थित माता मंदिर में पूजा करने पहुंचे तो वहां भी माता रानी का करीब ढाई सौ ग्राम चांदी का छत्र चोरी मिला.घटना की जानकारी ग्रामीणों और चौकीदार को देने के बाद पुजारी ने पठारी थाने पहुंचकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई. सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ऋतुराज सिंह ने पुलिस टीम को घटनास्थल पर भेजकर जांच शुरू कराई. पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है तथा अज्ञात चोरों की तलाश की जा रही है.

जनपद अध्यक्ष ने स्कूल व आंगनबाड़ी का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा. जनपद पंचायत के ग्राम कंजना में गुरुवार को विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम-जी) का जनपद स्तरीय कार्यक्रम जनपद अध्यक्ष श्रीमती नीतू-देवेन्द्रसिंह रघुवंशी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया. कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती राममणी राजनसिंह दांगी, जनपद पंचायत के सहायक यंत्री, स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे. इसके बाद एलईडी स्क्रीन के माध्यम से केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू के संबोधन दिखाया गया. दोनों नेताओं ने वीबी-जी राम-जी योजना में किए गए नए प्रावधानों और ग्रामीण रोजगार को लेकर सरकार की योजनाओं की जानकारी दी.लाइव प्रसारण के बाद जनपद अध्यक्ष श्रीमती नीतू-देवेन्द्रसिंह रघुवंशी ने कहा कि अब योजना के तहत ग्रामीणों को 100 दिनों के स्थान पर 125 दिनों के रोजगार की गारंटी मिलेगी.कार्यक्रम के बाद जनपद अध्यक्ष ने ग्राम कंजना के शासकीय माध्यमिक शाला एवं आंगनबाड़ी भवन का निरीक्षण किया. उन्होंने आंगनबाड़ी में बच्चों को दिए जा रहे पोषण आहार की जानकारी ली तथा स्कूल में विद्यार्थियों के प्रवेश, उपस्थिति और मध्यान्ह भोजन व्यवस्था का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनीं. बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत किए, जिनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया गया.

सद्गुरु विजन सेंटर में नि :शुल्क नेत्र शिविर 230 से अधिक मरीजों की हुई जांच

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा. स्थानीय मिल रोड स्थित सद्गुरु विज़न सेंटर में स्व. श्री नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से स्व. तनुज एलिया की जयंती पर सेवा दिवस के रूप में नि:शुल्क नेत्र शिविर आयोजित किया गया. शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सौरभ शर्मा एवं डॉ. राजकरण वर्मा ने 230 से अधिक मरीजों की जांच कर नेत्र रोगों से बचाव के उपाय बताए.

जांच के दौरान 51 से अधिक मरीजों में मोतियाबिंद की पहचान हुई, जिन्हें नि:शुल्क ऑपरेशन के लिए आनंदपुर भेजा गया. कैंप प्रभारी जीतू पाठक के निर्देशन में काउंसलिंग टीम ने 39 जरूरतमंद मरीजों को नि:शुल्क चश्मों का वितरण किया, जबकि ट्रस्ट द्वारा 109 मरीजों को दवाइयां उपलब्ध कराई गईं. इसके अलावा 33 मरीजों के चश्मे के नंबर निकाले गए तथा देवेंद्र जोगी ने मरीजों की बीपी और शुगर की जांच की.शिविर सहयोगी सुनील बाबू पिंगले ने बताया कि ट्रस्ट के रवि उपाध्याय के मार्गदर्शन एवं सद्गुरु स्व. रणछोड़दास महाराज की प्रेरणा से शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार नि:शुल्क नेत्र शिविर लगाए जा रहे हैं.कार्यक्रम में डॉ. ए.के. जैन, गणेश राम रघुवंशी, ऋतुज एलिया, विनोद राठौर, डॉ. धर्मेंद्र अहिरवार, विजय अरोरा, हेमंत भंडारी, पत्रकार संजीव शर्मा सहित अनेक समाजसेवी उपस्थित रहे. अंत में सुनील बाबू पिंगले ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में ग्रामीण क्षेत्रों में भी ऐसे शिविर आयोजित करने की बात कही.

जनकल्याण एवं जनसमस्या निवारण शिविर की तैयारियां जोरों पर

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान होंगे शामिल

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा. किसानों और आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनहितैषी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से 10 जुलाई को एलबीएस कॉलेज परिसर में विशाल जनकल्याण एवं जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया जाएगा. शिविर में केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के आगमन को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं.

इसी क्रम में गुरुवार दोपहर विधायक हरिसिंह रघुवंशी, मध्यप्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के उपाध्यक्ष डॉ. राकेश सिंह जादौन, नगर पालिका में सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि देवेंद्र सिंह रघुवंशी, एसडीएम श्रीमती अनुभा जैन, जनपद पंचायत की सीईओ श्रीमती तपस्या जैन, तहसीलदार सविता पटेल सहित प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम स्थल का सघन निरीक्षण किया. इस दौरान मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, सुरक्षा, पार्किंग तथा शिविर में आने वाले हितग्राहियों की सुविधाओं का जायजा लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, ताकि कार्यक्रम सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके.

10 जुलाई को एलबीएस कॉलेज परिसर में लगेगा विशाल शिविर

विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने बताया कि शिविर का उद्देश्य नागरिकों को विभिन्न कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत दिलाना तथा एक ही स्थान पर शासन की विभिन्न सेवाएं उपलब्ध कराना है. शिविर में राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, कृषि, महिला एवं बाल विकास, सामाजिक न्याय, विद्युत, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, खाद्य, श्रम सहित विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे.इन स्टॉलों पर नागरिकों की शिकायतों का मौके पर ही निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा. साथ ही शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ने की कार्रवाई भी की जाएगी. अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि प्राप्त प्रत्येक आवेदन का गंभीरता से परीक्षण कर समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए.विधायक हरिसिंह रघुवंशी एवं प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे 10 जुलाई को आयोजित जनकल्याण एवं जनसमस्या निवारण शिविर में पहुंचकर अपनी समस्याओं का समाधान कराएं और शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करें. निरीक्षण के दौरान अनेक भाजपा कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे.

बाबा अमरनाथ बर्फानी यात्रा के लिए 25 श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

नवभारत न्यूज

सिरोंज, आस्था, श्रद्धा और उत्साह के माहौल में गुरुवार को सुभाष नगर हाजीपुर से श्री बाबा अमरनाथ बर्फानी की पावन यात्रा के लिए 25 श्रद्धालुओं का जत्था रवाना हुआ. इस जत्थे में 18 पुरुष एवं 7 महिलाएँ शामिल हैं. यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व श्रद्धालुओं का तिलक लगाकर एवं पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया गया. एवं उनको विदाई देते हुए उनकी मंगलमय यात्रा की कामना की गई.

रवाना होने से पूर्व तीर्थ यात्रियों के स्नेहीजनों, परिजनों एवं शुभचिंतकों ने सभी यात्रियों का फूल-मालाएँ पहनाकर स्वागत किया तथा मिठाई खिलाकर उनकी यात्रा के सफल और मंगलमय होने की शुभकामनाएँ दीं. इस दौरान श्रद्धालुओं ने हर हर महादेव एवं जय बाबा अमरनाथ बर्फानी के जयघोष लगाए, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान हो उठा. श्रद्धालुओं के चेहरों पर बाबा बर्फानी के पावन दर्शन का उत्साह स्पष्ट दिखाई दे रहा था. स्थानीय लोगों ने कहा कि अमरनाथ यात्रा केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि आस्था, सेवा, अनुशासन और समर्पण का प्रतीक है. श्रद्धालुओं ने बाबा बर्फानी के दर्शन कर देश, समाज और परिवार की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना करने का संकल्प लिया.

ब्रज से मिथिला तक बही भक्ति की धारा, सियाराम विवाह कथा महोत्सव का भव्य समापन

- मिथिला रस चर्चा, विवाह गीतों और संतों के सान्निध्य ने श्रद्धालुओं को किया भाव-विभोर

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा. श्री द्वारिकेश प्रभु के मंगल पाटोत्सव के अवसर पर ब्रजभूमि गोवर्धन की श्री गिरिराज तलहटी में आयोजित सात दिवसीय श्रीराम कथा (मिथिला रस चर्चा) महोत्सव का गुरुवार को भक्ति और उल्लास के वातावरण में समापन हो गया. कथा के अंतिम दिन सियाराम विवाह प्रसंग, मिथिला के पारंपरिक विवाह गीतों और संतों के आशीर्वचनों ने हजारों श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया.

नगर की भागवत चिंतन समिति द्वारा आयोजित इस महोत्सव में नौलखी खालसा के श्रीमहंत परम वीतरागी संत श्रीमहंत राम मनोहर दास जी महाराज ने अपने श्रीमुख से श्री सीताराम विवाह (मिथिला रस चर्चा) का रसपान कराया. सात दिनों तक चली कथा में माता सीता की करुणा, राजा जनक का वात्सल्य, अयोध्या की मर्यादा और प्रभु श्रीराम के आदर्श चरित्र का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया गया. कथा के दौरान श्रद्धालु स्वयं को कभी जनकपुरी तो कभी अयोध्या के दिव्य उत्सवों का सहभागी अनुभव करते रहे.

महोत्सव के आयोजक भगवत चिंतन मिशन के संस्थापक एवं अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पंडित डॉ. अभिषेक कृष्ण शास्त्री ने बताया कि आयोजन के दौरान देशभर से आए संत-महात्माओं का सान्निध्य श्रद्धालुओं को प्राप्त हुआ. ब्रज की उत्सव मूर्ति रसिया बाबा महाराज, विश्वविख्यात कथावाचक संजीव कृष्ण ठाकुर महाराज, शमशाबाद भगवान रामदेव मंदिर के पीठाधीश्वर पंडित गौरीशंकर महाराज, मानस रत्न अशोक दास रामायणी, भागवताचार्य राजू भैया, संगीताचार्य प्रथमेश गोस्वामी (लड्डू जी), रासाचार्य स्वामी रामवल्लभ, धन्वंतरि दास महाराज, राघवेन्द्र दास महाराज, श्यामलदास महाराज तथा अयोध्या धाम से पधारे श्रीमहंत जटापाल बाबा सहित अनेक संतों ने आयोजन को आध्यात्मिक ऊंचाइयां प्रदान कीं.

पूरे आयोजन के दौरान भक्ति, श्रद्धा और संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला. संतों ने अपने प्रवचनों में सनातन संस्कृति, गौसेवा, पारिवारिक संस्कार, भक्ति और सामाजिक मूल्यों के संरक्षण का संदेश दिया. समापन अवसर पर आरती, संत वंदन और आशीर्वचनों के साथ श्रद्धालुओं ने भावपूर्ण विदाई दी. कथा महोत्सव ने ब्रज और मिथिला की आध्यात्मिक परंपराओं को एक सूत्र में पिरोते हुए श्रद्धालुओं के हृदय में सियाराम भक्ति की अमिट छाप छोड़ दी.

मिथिला विवाह गीतों से गूंजा समापन समारोह, सियाराममय हुआ पूरा वातावरण

महोत्सव की विशेषता केवल कथा तक सीमित नहीं रही, बल्कि मिथिला की लोक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत का भी जीवंत दर्शन श्रद्धालुओं को हुआ. समापन अवसर पर ध्रुपद, धमार और ठुमरी गायन के विद्वान संगीताचार्य पंडित कामोद मिश्र एवं उनके सहयोगियों ने पारंपरिक मिथिला विवाह गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी. मंगल गीतों की स्वर लहरियों के बीच पूरा वातावरण सियाराममय हो गया और श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे.

अधिवक्ता संघ ने नवपदस्थ न्यायाधीश का किया स्वागत

- न्यायालय परिसर में विधिक साक्षरता शिविर भी आयोजित

नवभारत न्यूज

कुरवाई. सिरोंज न्यायालय से स्थानांतरित होकर सिविल न्यायालय वरिष्ठ खंड, कुरवाई में पदस्थ हुई व्यवहार न्यायाधीश प्रथम श्रेणी श्रीमती मौना शुक्ला पांडे का अधिवक्ता संघ द्वारा न्यायालय परिसर में स्वागत किया गया. इस अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर का भी आयोजन किया गया.

कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश आनंद गौतम, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड आयुष अरोरा, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय सैनी सहित वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ता उपस्थित रहे.उल्लेखनीय है कि कुरवाई में पदस्थ व्यवहार न्यायाधीश प्रथम श्रेणी श्रीमती प्रियंका कुशवाह का स्थानांतरण सिरोंज न्यायालय में हो गया है. उनके स्थानांतरण पर न्यायालयीन कर्मचारियों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई.विधिक साक्षरता शिविर में न्यायिक अधिकारियों ने पक्षकारों को विभिन्न कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी. विशेष रूप से महिलाओं के साथ होने वाली घरेलू हिंसा, भरण-पोषण (गुजारा भत्ता) से संबंधित कानूनी अधिकारों एवं प्रावधानों पर विस्तार से जानकारी देकर उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया. अधिकारियों ने आमजन से विधिक सेवाओं का लाभ उठाने और आवश्यक होने पर कानूनी सहायता लेने की भी अपील की.

विश्व हिंदू परिषद का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग 11 जुलाई से

नवभारत न्यूज

सिरोंज, विश्व हिंदू परिषद का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग 11 जुलाई शनिवार को प्रात: 9 बजे प्रारंभ होगा, जिसका समापन 12 जुलाई रविवार को सायं 5 बजे होगा. इस प्रशिक्षण वर्ग का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को संगठन की गतिविधियों, कार्यप्रणाली और सामाजिक दायित्वों के प्रति अधिक जागरूक एवं सक्षम बनाना है.इस संबंध में प्रखंड वर्ग के महाप्रबंधक एवं बजरंग दल के जिला संयोजक जगदीश शाक्य ने बताया कि प्रशिक्षण वर्ग में कार्यकर्ताओं को संगठन की कार्यपद्धति, संगठन संचालन, नए कार्यकर्ताओं के प्रवेश की प्रक्रिया, समय-समय पर जनआंदोलनों के संचालन तथा हिंदू समाज की विभिन्न समस्याओं के समाधान के विषय में विस्तृत जानकारी दी जाएगी. इसके साथ ही कार्यकर्ताओं को संगठन विस्तार और समाज सेवा से जुड़े विभिन्न पहलुओं का भी प्रशिक्षण दिया जाएगा. उन्होंने बताया कि इस वर्ग में जिले, विभाग एवं प्रांत स्तर के अनेक पदाधिकारी उपस्थित होकर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे. प्रशिक्षण के दौरान संगठन की आगामी योजनाओं और कार्यों की रूपरेखा पर भी चर्चा की जाएगी. उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से समय पर पहुंचकर प्रशिक्षण वर्ग में सक्रिय सहभागिता करने और इसका अधिक से अधिक लाभ उठाने का आग्रह किया.

अतिक्रमण और भारी वाहनों की आवाजाही से हादसों का अंदेशा

नवभारत न्यूज

बुधनी 9 जुलाई. रेलवे ओवरब्रिज से नर्मदा पुल तक का मुख्य मार्ग इन दिनों वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है. सड़क के दोनों किनारों पर मिट्टी जमा होने से मार्ग संकरा हो गया है, वहीं मुख्य मार्ग पर भारी वाहनों की बेतरतीब पार्किंग के कारण आए दिन जाम की स्थिति बन रही है.

नगर को नर्मदापुरम से जोड़ने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग-46 क्षेत्र का प्रमुख मार्ग है. इस मार्ग पर प्रतिदिन भारी वाहनों का अत्यधिक दबाव रहता है. सड़क किनारे मिट्टी की मोटी परत जम जाने से सड़क की चौड़ाई कम हो गई है, जिससे दो बड़े वाहनों के एक साथ निकलने में परेशानी होती है. नगर के मुख्य मार्ग पर डंपर, ट्रक और अन्य भारी वाहन लंबे समय तक खड़े रहने से आम वाहन चालकों और पैदल राहगीरों के लिए पर्याप्त जगह नहीं बचती. खासकर ट्राइडेंट कंपनी के सामने दोनों ओर भारी वाहनों की लंबी कतारें लगने से यातायात बाधित होता है और दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है. नगरवासियों का कहना है कि राष्ट्रीय राजमार्ग बनने के बावजूद भारी वाहन नगर के भीतर से गुजर रहे हैं, जिससे बाजार, स्कूल और रिहायशी क्षेत्रों में जोखिम बढ़ गया है. हाल ही में तालपुरा मार्ग पर डंपर की चपेट में आने से एक मासूम बच्चे और महिला की मौत के बाद लोगों में

रेलवे ओवरब्रिज से नर्मदा पुल तक भारी वाहनों के बेतरतीब खड़े होने से राहगीर होते हैं परेशान

भारी नाराजगी है. उनका कहना है कि नगर में पहले की तरह भारी वाहनों के प्रवेश पर नो एंट्री लागू की जानी चाहिए. इसी समस्या को लेकर नागरिकों ने हाल ही में प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर बुधनी रेलवे ओवरब्रिज से नर्मदा पुल तक सड़क पर जमी मिट्टी हटाने, ट्राइडेंट कंपनी के सामने भारी वाहनों की पार्किंग पर नियंत्रण, ओवरब्रिज के गड्ढों की मरम्मत, क्षतिग्रस्त सड़कों के सुधार तथा आवारा गौवंश की समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है.

मौन सूचना
विकास पचौरी जी मौन साधना कर रहे हैं. इसलिए नि:शुल्क शव वाहन हेतु कृपया फोन न करें बल्कि शेरपुरा विदिशा स्थित विकास पचौरी रेडियो स्टेशन आकर जानकारी देने की कृपा करें.
ब्लड की जरूरत होने पर www.vikaspachori.in वेबसाइट पर रक्तदाताओं की लिस्ट देखने का कष्ट करें.
मोबाइल के प्ले स्टोर पर टाइप कीजिए VIKAS PACHORI RADIO
विकास पचौरी रेडियो
84 35 250 250
और फिर 24 घंटे आनंद लीजिए

श्रमदान | **39वें चरण के साथ साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 का समापन**

अब हरियाली की ओर बढ़ेगा अभियान, शुरू होगा पौधारोपण अभियान 5 .0

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा. श्री जगन्नाथ स्वामी मंदिर, नौलखी घाट पर आयोजित 39वें चरण के स्वच्छता कार्यक्रम के साथ साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 का सफल समापन हुआ. अभियान के अंतिम चरण में सीमित संख्या में श्रमदान दल के सदस्यों ने श्रमदान कर बेतवा नदी के प्रति अपनी सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारी निभाई.

स्वयंसेवकों ने वर्षों से श्रद्धा, आस्था और अंधविश्वास के नाम पर नदी में प्रवाहित किए गए धार्मिक वस्त्र, प्लास्टिक निर्मित धार्मिक सामग्री, पूजन एवं हवन सामग्री के अवशेष, प्लास्टिक की थैलियां तथा अन्य अपशिष्ट को नदी की तलहटी से बाहर निकाला. वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए एकत्रित कचरे को श्री जगन्नाथ स्वामी मंदिर के पीछे निर्धारित स्थान पर सुरक्षित रखा गया, ताकि मौसम अनुकूल होने पर उसका वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित निस्तारण किया जा सके.अभियान के दौरान स्वयंसेवकों ने संदेश दिया कि सच्ची आस्था प्रकृति के संरक्षण में है, न कि उसे प्रदूषित करने में. उन्होंने कहा कि यदि हमारी श्रद्धा नदियों को स्वच्छ, निर्मल और जीवनदायिनी बनाए रखने के लिए प्रेरित नहीं करती, तो हमें अपनी परंपराओं और व्यवहार पर गंभीरता से पुनर्विचार करने की आवश्यकता है.लगातार पांच वर्षों और 39 सप्ताह से संचालित इस अभियान ने बेतवा नदी की स्वच्छता में उल्लेखनीय योगदान देने के साथ पर्यावरण संरक्षण, जनजागरूकता और सामूहिक श्रमदान की संस्कृति को भी मजबूत किया है. विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और स्वयंसेवी संगठनों की सहभागिता ने यह साबित किया कि जनसहयोग, निरंतर प्रयास और सकारात्मक सोच से बड़े बदलाव संभव हैं.

अभियान का उद्देश्य पौधों का संरक्षण करना

समापन अवसर पर श्रमदान दल ने पौधारोपण अभियान 5.0 शुरू करने की घोषणा की. इसके तहत जनसहयोग से पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड अथवा उनकी लागत राशि एकत्रित की जाएगी, जबकि पौधों की व्यवस्था श्रमदान दल द्वारा की जाएगी. अभियान का उद्देश्य केवल पौधारोपण करना नहीं, बल्कि पौधों के संरक्षण और दीर्घकालिक संवर्धन को सुनिश्चित करना है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, हरित और संतुलित पर्यावरण मिल सके. श्रमदान अभियान 5.0 के समापन के साथ एक चरण अवश्य पूरा हुआ है, लेकिन प्रकृति संरक्षण का संकल्प और मजबूत हुआ है. अब यह जनआंदोलन नदी की स्वच्छता से आगे बढ़कर हरियाली के विस्तार की दिशा में कार्य करेगा. अभियान का संदेश है कि स्वच्छ नदी, हरित पर्यावरण और जागरूक समाज ही स्वस्थ, सुरक्षित और समृद्ध भविष्य की मजबूत नींव हैं.